# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 329/2023

## माह सितम्बर, 2023 में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, अध्ययनरत् विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग के पत्रांक 527 दिनांक 02.08.2023 द्वारा राज्य के माध्यमिक/उच्च विद्यालयों के 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए माह सितम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा **दिनांक 25.09.2023 से 04.10.2023 तक** आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम कंडिका–7 में अंकित है।

3. राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए। इस उद्देश्य से माह सितम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा में सभी विद्यार्थियों का शामिल होना अनिवार्य है।

4. मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा **दिनांक 18.09.2023 से 22.09.2023 तक** की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदधिकारी कार्यालय के द्वारा प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न–पत्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

5. जिला शिक्षा पदाधिकारी आपूरित गोपनीय सामग्री को **दिनांक 23.09.2023 तक** अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगें। साथ ही शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

6. शिक्षण संस्थान के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 23.09.2023** तक अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय/महाविद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7. माह सितम्बर, 2023 के 11वीं एवं 12वीं की मासिक परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**Programme Intermediate Monthly (Sept.) Examination (Theory), 2023**

**(For Class XI & XII )**

<table>
<tr><th>Date of Examination</th><th>Faculty</th><th colspan="2">1st Sitting (10:00 - 11:30)</th><th>Faculty</th><th colspan="2">2nd Sitting (12:30 - 02:00)</th></tr>
<tr><td rowspan="3">25-09-2023 (Monday)</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">117- Physics</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">118- Chemistry</td></tr>
<tr><td>I.Com.</td><td colspan="2">218- Entrepreneurship</td><td>I.Com.</td><td colspan="2">220- Accountancy</td></tr>
<tr><td>I.A.</td><td colspan="2">320- Philosophy</td><td>I.A.</td><td colspan="2">322- Political Science</td></tr>
<tr><td rowspan="3">26-09-2023 (Tuesday)</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">121- Mathematics</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">119- Biology</td></tr>
<tr><td rowspan="2">I.A.</td><td colspan="2" rowspan="2">327- Mathematics</td><td>I.Com.</td><td colspan="2">217- Business Studies</td></tr>
<tr><td>I.A.</td><td colspan="2">323- Geography</td></tr>
<tr><td rowspan="3">27-09-2023 (Wednesday)</td><td>I.Sc</td><td>105- English<br>124- English<br>106-Hindi<br>125- Hindi</td><td rowspan="3">i) जिन विद्यार्थियों के द्वारा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों विषयों का चयन अनिवार्य एवं/अथवा अतिरिक्त विषय समूहों के अन्तर्गत किया गया है, उनके लिए इस पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। <u>ऐसे विद्यार्थियों के हिन्दी विषय की परीक्षा 29.09.2023 की द्वितीय पाली में होगी।</u><br>ii) जिन विद्यार्थियों के द्वारा अनिवार्य अथवा अतिरिक्त विषय समूहों में से किसी भी समूह के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय का चयन नहीं किया गया है, उन विद्यार्थियों के लिए इस पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी।</td><td>I.Sc</td><td>107- Urdu, 108- Maithili,<br>109- Sanskrit,<br>110- Prakrit, 111- Magahi,<br>112- Bhojpuri,<br>113- Arabic, 114- Persian,<br>115- Pali, 116- Bangla</td><td rowspan="3">उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इन भाषा विषयों में से किसी एक विषय का चयन अनिवार्य विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है।</td></tr>
<tr><td>I.Com.</td><td>205- English<br>223- English<br>206-Hindi<br>224- Hindi</td><td>I.Com.</td><td>207- Urdu, 208- Maithili,<br>209- Sanskrit,<br>210- Prakrit, 211- Magahi,<br>212- Bhojpuri,<br>213- Arabic, 214- Persian,<br>215- Pali, 216- Bangla</td></tr>
<tr><td>I.A.</td><td>305- English<br>330- English<br>306-Hindi<br>331- Hindi</td><td>I.A.</td><td>307- Urdu, 308- Maithili,<br>309- Sanskrit,<br>310- Prakrit, 311- Magahi,<br>312- Bhojpuri,<br>313- Arabic, 314- Persian,<br>315- Pali, 316- Bangla</td></tr>
<tr><td rowspan="3">29-09-2023 (Friday)</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">122- Computer Science,<br>123- Multi Media & Web. Tech.</td><td>I.Sc</td><td>106-Hindi, 125- Hindi,<br>126- Urdu, 127- Maithili,<br>128- Sanskrit,<br>129- Prakrit, 130- Magahi,<br>131- Bhojpuri, 132- Arabic, 133- Persian,<br>134- Pali, 135- Bangla</td><td rowspan="3">i) जिन विद्यार्थियों के द्वारा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों विषयों का चयन अनिवार्य एवं/अथवा अतिरिक्त विषय समूहों के अन्तर्गत किया गया है, उनके लिए इस पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी।<br>ii) इस पाली में हिन्दी विषय के अलावे जिन अन्य विषयों के नाम अंकित हैं, उसकी परीक्षा में वे विद्यार्थी सम्मिलित होंगे जिनके द्वारा इनमें से किसी एक विषय का चयन अतिरिक्त विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है।</td></tr>
<tr><td>I.Com.</td><td colspan="2">221- Computer Science,<br>222- Multi Media & Web. Tech.</td><td>I.Com.</td><td>206-Hindi, 224- Hindi,<br>225- Urdu, 226- Maithili,<br>227- Sanskrit,<br>228-Prakrit, 229- Magahi,<br>230- Bhojpuri, 231- Arabic,<br>232- Persian, 233- Pali,<br>234- Bangla</td></tr>
<tr><td>I.A.</td><td colspan="2">317- Yoga & Phy. Edu.,<br>328- Computer Science,<br>329- Multi Media & Web. Tech.</td><td>I.A.</td><td>306-Hindi, 331- Hindi,<br>332- Urdu, 333- Maithili,<br>334- Sanskrit,<br>335- Prakrit, 336- Magahi,<br>337- Bhojpuri,<br>338- Arabic,<br>339- Persian, 340- Pali,<br>341- Bangla</td></tr>
<tr><td rowspan="3">30-09-2023 (Saturday)</td><td>I.Sc</td><td colspan="2">120- Agriculture</td><td rowspan="3">I.A.</td><td colspan="2" rowspan="3">324- Psychology</td></tr>
<tr><td>I.Com.</td><td colspan="2">219-Economics</td></tr>
<tr><td>I.A.</td><td colspan="2">326- Economics</td></tr>
<tr><td>03-10-2023 (Tuesday)</td><td>I.A.</td><td colspan="2">325- Sociology</td><td>I.A.</td><td colspan="2">318- Music</td></tr>
<tr><td>04-10-2023 (Wednesday)</td><td>I.A.</td><td colspan="2">321- History</td><td>I.A.</td><td colspan="2">319- Home Science</td></tr>
</table>

8. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार माह सितम्बर, 2023 के मासिक परीक्षा में निश्चित रूप से सम्मिलित होंगे।

9. सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से मासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में **दिनांक 10.10.2023 तक** अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**11वीं एवं 12वीं के माह सितम्बर, 2023 की मासिक परीक्षा, 2023 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –**

**+2 School/College code:-**

**+2 School/College Name:-**

<table>
<tr><th rowspan="3">Roll No.</th><th rowspan="3">Class</th><th rowspan="3">Student's Name<br>Mother's Name<br>Father's Name</th><th rowspan="3">M/F</th><th colspan="4">Compulsory Subjects</th><th colspan="9">Elective Subjects</th><th rowspan="3">Aggregate & Result</th><th colspan="3">Additional Subject</th><th rowspan="3">Result</th></tr>
<tr><th colspan="4">Marks Obtained</th><th colspan="9">Marks Obtained</th><th colspan="3">Marks Obtained</th></tr>
<tr><th>Subject-1</th><th>Marks</th><th>Subject-2</th><th>Marks</th><th>Subject-1</th><th>Theory</th><th>Marks</th><th>Subject-2</th><th>Theory</th><th>Marks</th><th>Subject-3</th><th>Theory</th><th>Marks</th><th>Add. Sub.</th><th>Theory</th><th>Marks</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td><td>6</td><td>7</td><td>8</td><td>9</td><td>10</td><td>11</td><td>12</td><td>13</td><td>14</td><td>15</td><td>16</td><td>17</td><td>18</td><td>19</td><td>20</td><td>21</td><td>22</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है अपने जिला अवस्थित शिक्षण संस्थानों के प्रधान की बैठक आहूत कर उन्हें मासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम **दिनांक 10.10.2023 तक** तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। मासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर मासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**